तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 19 मार्च 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



महामाया चौक के पास भारी वाहन का पट्टा टूटने के कारण कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा।

## खबर संक्षेप

### एसपी रजनेश को मिला प्रमोशन, बने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

**बिलासपुर।** पुलिस मुख्यालय से एसपी रजनेश सिंह की वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन आदेश जारी करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आदेश जारी होने के बाद उनके कार्यालय में जिले के राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों के द्वारा बधाई देने का दौर चलता रहा। 2012 में आईपीएस के बाद 13 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर उन्हें चयन श्रेणी वेतनमान के रूप में पदोन्नत किया गया है।



### रद्द की गई गाड़ियों का परिचालन होगा प्रारंभ

**बिलासपुर।** दपूमरे के रायपुर मंडल के अंतर्गत बैकुंठ-सिलियारी सेक्शन में रिलीविंग गर्डर की डी लांचिंग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। 19 मार्च को डाउन लाइन में 3 घंटे 30 मिनट का ब्लॉक लेने की घोषणा की गई थी। रद्द की गई गाड़ियों का पुनः परिचालन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर-गेवरा रोड मेमु पैसेंजर, गेवरा रोड- बिलासपुर मेमु पैसेंजर शामिल है। बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द करने की घोषणा की गयी थी।

## जेसीबी पर चढ़ गए लोग, ईंट लेकर निगम कर्मियों को मारने दौड़ पड़े



अपोलो रोड से हटाया गया अतिक्रमण



- 127 दुकान और 23 मकान जमींदोज, कुल 230 अतिक्रमण मौके से हटाना है
- दिन भर की कार्रवाई में वसंत विहार तिराहा भी अतिक्रमण मुक्त, अब किया जाएगा चौड़ीकरण के साथ डामरीकरण

# कब्जा हटाने के दौरान दिन भर हंगामा-विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो मार्ग और बसंत विहार चौक को कब्जामुक्त करने के दौरान मंगलवार को दिन भर हंगामा और विवाद चलता रहा। बसंत विहार चौक में रामायण चौरा के पास एक दिवाल को तोड़ने के दौरान एक बच्ची चपेट में आने से बाल-बाल बची। इसे लेकर जमकर विरोध हुआ और स्थानीय लोग निगम की जेसीबी पर चढ़ गए। 15-20 लोग ईंट लेकर निगम कर्मियों पर हमला करने के लिए भी दौड़ पड़े। मौके पर मौजूद पुलिस और जनप्रतिनिधियों ने इन्हें मुश्किल से शांत किया। इस हंगामे और विरोध के कारण शाम को कार्रवाई रोकनी भी पड़ी। हालांकि दिन भर की कार्रवाई में निगम के तोड़ दस्ते ने 230 अतिक्रमणकारियों से जगह खाली कराई और अपोलो मार्ग को कब्जे से मुक्त किया गया। इस कार्रवाई में 200 दुकानों में से 127 दुकान और 30 मकानों में से 23 मकान को खाली कराकर तोड़ा गया है। इन 200 दुकानों में कच्चा-पक्का दुकान दोनों शामिल है। शेष अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को भी कार्रवाई जारी रहेगी। वसंत विहार तिराहे के पास भी अतिक्रमण को हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने के बाद नगर निगम द्वारा इस मार्ग का चौड़ीकरण कर पक्की सड़क बनाई जाएगी।

वसंत विहार तिराहे से अपोलो मार्ग में मानसी लॉज तक लोगों द्वारा 80 फीट सड़क में 50 से 60 फीट कब्जा कर दुकान और मकान बना लिया गया था। जिससे मार्ग संकरी हो चुकी थी। इसके कारण सड़क से आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। हमेशा ट्रैफिक जाम होता था और संभाग के सबसे बड़े अस्पताल अपोलो आने वाले मरीज और आपातकालीन स्थिति में संकट गहरा जाता था। मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराने नगर निगम द्वारा नाप जोख कर अतिक्रमणकारियों को स्वयं से कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। अतिक्रमण स्वयं से नहीं हटाने पर मंगलवार को नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए मकान और दुकानों को हटाया है।

### एकतरफा कार्रवाई, सुरक्षा के भी इंतजाम नहीं

प्रभावित लोगों ने निगम की इस बुलडोजर कार्रवाई का जमकर विरोध किया। सुबह से ही हंगामा और विवाद होता रहा। निगम जब भी किसी दुकान या मकान को तोड़ने पहुंचता तो लोग उसके सामने खड़े हो जाते थे। इसी बीच निगम की टीम शाम को जब बसंत विहार चौक में रामायण चौरा के पास एक दिवाल को तोड़ने के दौरान एक बच्ची समायरा परवीन पिता शमीम खान चपेट में आने से बाल-बाल बची। इसे लेकर जमकर विरोध हुआ और स्थानीय लोग निगम की जेसीबी पर चढ़ गए। 15-20 लोग ईंट लेकर निगम कर्मियों पर हमला करने के लिए भी दौड़ पड़े। लोगों का कहना था कि निगम की कार्रवाई एकतरफा है और लापरवाही भी बरती जा रही है। बिना किसी सुरक्षा के पूरी तोड़फोड़ की जा रही है।

### रात में नोटिस, सामान निकालने का भी मौका नहीं

प्रभावित लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया और कहा गया कि उन्हें पहले ही वैकल्पिक जगह देने की बात कही गई थी लेकिन निगम अब मुकर रहा है। कुछ खास लोगों को ही जगह दी जा रही है कि जबकि 400 से अधिक परिवारों को एकरतफा बेदखल कर दिया गया है। मौके पर कुछ लोग पट्टा लेकर भी घूमते रहे। इनका कहना था कि निगम ने आश्वासन दिया था कि कार्रवाई सिर्फ वसंत विहार तिराहे से अपोलो मार्ग में मानसी लॉज तक होगी। बाकी लोगों को विस्थापन का मौका दिया जाएगा। निगम ने लेकिन सोमवार की रात अचानक नोटिस जारी किया और सुबह सामान निकालने का मौका भी नहीं दिया। अचानक से बुलडोजर लगाकर मकान-दुकान को तोड़ दिया गया। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एक निजी व्यावसायिक काम्प्लेक्स को लाभ पहुंचाने के लिए गरीबों के ठिकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

### 30 परिवारों को पीएम आवास दिया गया

इधर निगम का कहना है कि अवैध रूप से निर्मित 30 मकानों में निवासरत परिवारों को अतिक्रमण हटाने के पूर्व नगर निगम विगत 15 दिनों से इन परिवारों के विस्थापन की तैयारी की जा रही थी। सभी परिवारों को आवास उपलब्ध हो जाए इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत बने खाली मकानों की सूची तैयार की गई थी। इन परिवारों को सरोज विहार, भूकंप वैधशाला, बहतराई स्थित प्रधानमंत्री आवास में सामान समेत शिफ्ट किया गया है। निगम का कहना है किअतिक्रमण की वजह से 80 फीट चौड़ी सड़क 30-40 फीट तक रह गई थी। अब जाम से राहगिरों का राहत मिलेगी और अस्पताल पहुंचना आसान होगा।

## 1 यात्री के साथ उड़ी हैदराबाद की फ्लाइट

**बिलासपुर।** बिलासपुर से हैदराबाद के लिए पहली फ्लाइट मंगलवार को उड़ान भरी, महज 1 यात्री के साथ अलायंस एयर की फ्लाइट ने टेकऑफ किया। इसके साथ ही समर शेड्यूल में बिलासपुर और हैदराबाद के बीच फ्लाइट शुरू होने की चर्चा होने लगी, लेकिन अधिकारिक सूत्रों ने इसके उलट बात कही है। फिलहाल समर शेड्यूल में कोई भी नई फ्लाइट और रूट की घोषणा नहीं की जा रही है। वहीं मौजूदा फ्लाइट के शेड्यूल में समय का बदलाव किया जा रहा है।


हैदराबाद के लिए फ्लाइट की मांग लंबे समय से की जा रही है, क्षेत्र के राजनेता और आम लोगों के द्वारा लगातार अलायंस एयर और एएआई पर दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन इस दबाव का असर नहीं दिख रहा है। 18 मई को शार्ट नोटिस के तहत महज 1 दिन के लिए बिलासपुर से हैदराबाद की फ्लाइट उड़ान भरी। इस दौरान 1 यात्री ने सफर किया। फ्लाइट हैदराबाद से सुबह 9.40 को टेकऑफ कर 11.30 को बिलासपुर पहुंची। इसके बाद 20 मिनट के अंतराल में बिलासपुर से 11.55 को कोलकाता के लिए टेकऑफ कराई गई। फ्लाइट 1 बजकर 45 मिनट पर कोलकाता पहुंची। दोपहर 2.15 को कोलकता से उड़ान भर कर दोबार 4 बजे बिलासपुर पहुंची। वहीं आधे घंटें बाद बिलासा एयरपोर्ट से उड़ान भर कर 6.20 मिनट पर हैदराबाद लैंड कराई गई। इसके साथ ही समर शेड्यूल में हैदराबाद फ्लाइट मिलने की चर्चा आम हो गई, लेकिन अलायंस एयर ने इसपर विराम लगा दिया है। कंपनी की ओर से कहा जा रहा है कि फिलहाल कंपनी के पास स्पेयर में फ्लाइट नहीं है, ऐसे में नई रूट के लिए नई फ्लाइट शुरू नहीं जा सकेगी। जिसके बाद हैदराबाद की फ्लाइट मिलना दूर की कौड़ी साबित हो रही है।

### समर शेड्यूल में रूट मिलना मुश्किल



- फ्लाइट के शेड्यूल में किया जा रहा है बदलाव



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 19 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम बैंगलोर में छत्तीसगढ़ स्पेशल प्रोग्राम कल से



**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग का छत्तीसगढ़ स्पेशल प्रोग्राम 20 से 23 मई तक आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल आश्रम बैंगलोर में आयोजित है। इसमें प्रतिभागियों को योग, ध्यान, प्राणायाम सहित विभिन्न क्रियाएं कराई जाएगी व मौन का अनुभव कराया जाएगा। प्रशिक्षक विकास साहू ने बताया कि इसमें एडवांस मेडिसिन प्रोग्राम, मेघा लेवल 2, सहज समाधि, इंटुशन, केवायसी, केवायटी कार्यक्रम शामिल है। यह आर्ट ऑफ़ लिविंग का उन्नत ध्यान आवासीय कार्यक्रम है, जो अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं में गहराई तक जाने में मदद करता है। कार्यक्रम में उन्नत श्वास तकनीक, भावनाओं व मन को नियंत्रित करने वाले नियमों पर अंतर्दृष्टि, ध्यान, समूह प्रक्रियाएं शामिल हैं जो मन को भीतर से शुद्ध करने में मदद करता है। कोर्स में भाग लेने के लिए सभी साधक यशवंतपुर एक्सप्रेस से 18 मई को रवाना हुए।

> प्रतिभागियों को कराया जाएगा योग, ध्यान, प्राणायाम

स्कूलों बच्चे गर्मी छुट्टिया का सदुपयोग करे इसके लिए अभिभावक चिंतित होते है,इसका ही ध्यान रख आजकल शहर में विभिन्न स्कूलों और एकेडमी द्वारा समर कैंप का आयोजन कर बच्चों को फ्री टाईम पर नई-नई एक्टिविटीज सीखा रहे है। इस कैंप में हर वर्ग के बच्चे शामिल होकर गर्मीयों में नई प्रतिभाओं से रूबरू होते है।

# डीपीएस में स्प्रिंग कैम्प शुरू, छुट्टियों में बच्चे समय का करें सदुपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संस्कार एकेडमी के संचालक आशुतोष अग्रवाल ने बताया की गर्मी में बच्चों के लिए समर कैंप में क्रिकेट,फुटबॉल व अन्य स्पोट्स खेल का आयोजन किया जाएगा,इसके लिए 1 अप्रैल से पंजीयन प्रारंभ हो जाएगा। इसी तरह समाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित समर कैंप में छोटे से बड़े-बुजुर्ग तक प्रत्येक आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। बच्चों के साथ जो माता-पिता क्रिएटिव एक्टिविटीज में शामिल होना चाहते हैं. यह उनके लिए सबसे बेहतर अवसर है। शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा बच्चों के कौशल विकास के लिए अनेक गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। इस संदर्भ में संगीत, नृत्य. कला. वैदिक गणित, अंग्रेजी, योग, मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक समर क्लासेस की तैयारी की जा रही है। जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा स्कूल-कॉलेज के छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी, इसमें स्पोर्ट्स, आर्ट, संस्कृति एवं नृत्य मुख्य विषय है।

### इस कैंप में बच्चे सीखेंगे स्पोर्ट्स, आर्ट और नृत्य





### 21 दिवसीय फिटनेस क्लास

स्वस्थ शरीर के लिए न संस्था द्वारा फिटनेस क्लास की शुरुआत की जाएगी। इसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की जाएगी। जो महिलाएं एवं पुरुष लंबे समय से शरीर की तंदुरुस्ती पर ध्यान नहीं दे पा रहे, उनके लिए यह अच्छा अवसर है। जिसके लिए पहले पंजीयन कराना आवश्यक है। इसमें मेडिटेशन, डाइट, स्वास्थ्य, एक्सरसाइज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### स्प्रिंग कैंप का भव्य शुभारंभ

दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की परीक्षा समाप्त हो चुकी है, समय का सदुपयोग करने के उद्देश्य से संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों और शहर के अन्य विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सृजनात्मक भाव धारा से जोड़ते हुए स्प्रिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए स्वस्थ रहने के लिए व्यस्त मस्तिष्क और ऊर्जादायक खेलो के उपयोग पर प्रकाश डाला। एरोबिक में अभिभावक भी शामिल हो सकते हैं यह एक महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इस कैंप में विद्यार्थी विद्यालय में निर्मित स्विमिंग पूल में तैराकी सीखेंगे बास्केटबॉल और फुटबॉल के साथ-साथ शूटिंग रेंज में निशानेबाजी का अभ्यास भी कराया जा रहा है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक कैंप में भाग नहीं लिया है वह भी भाग ले सकते हैं। स्प्रिंग कैंप में योगदान देने वाले विद्यालय के शिक्षकों में रॉबिंसन जॉन ,निरूपा विश्वास, राज नारायण मोर और पवन दुबे का मार्गदर्शन मिल रहा है।

### निशुल्क क्लासेस में बच्चे सीखेंगे गुण

स्कूली बच्चों के लिए समर क्लासेस शुरू की जा रही हैं, निशुल्क क्लास के लिए 5 अप्रैल से पंजीयन शुरू किया जाएगा, जिसमें संगीत, नृत्य हस्तकला, मेहंदी, कढ़ाई, हैंडक्रॉफ्ट, पेंटिंग, कराते, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर टैली, सिलाई, रंगोली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही इन्हें उत्तम व्यवहार जात्चरण, दिनचर्या एवं योग के साथ जोड़ा जाएगा। संस्था द्वारा अप्रैल माह में कुटुंब योग शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें माता-पिता और बच्चे हिस्सा ले सकते है। शिविर में हिस्सा लेने के लिए तीनों का सहभागी होना जरूरी है। कराते प्रशिक्षण में आत्मरक्षा की कला खेल परिसर में कराते प्रशिक्षण भी बच्चों के लिए प्रारंभ किया जा रहा है,जिसमें बच्चे कराते सीख आत्मरक्षा की कला को जानेंगे। छत्तीसगढ़ कराते संघ द्वारा सुबह-शाम दो पाली में समर कैंप की शुरुआत की जा रही है। जिसमें समी उम्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। इसमें सेल्फ डिफेंस बॉडी फिटनेस टिप्स के साथ ट्रेनिंग दी जाएगी।

### बच्चों के साथ परिजन भी हो सकेंगे शामिल

कला आंगन नृत्य अकादमी द्वारा अप्रैल में समर कैंप की शुरू किया जा रहा है, जिसमें भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीबीएसई और सीजीबोर्ड के अभ्यर्थियों की छुट्टियों के बाद क्लास शुरू की जाएगी, इसमें बच्चों के साथ माता-पिता भी शामिल हो सकते हैं।

### गृहिणियों के लिए आर्ट व पेटिंग क्लास

कला दीक्षा आर्ट एंड म्यूजिक संस्था द्वारा 10 अप्रैल से समर क्लास की शुरुआत की जा रही है। इसमें डिफरेंट टाइप ऑफ रंगोली, कॉफ्ट, मधुबनी लिप्पन आर्ट, ग्लास पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पेंटिंग और आर्ट क्लास मुख्य रूप से गृहिणियों के लिए आयोजित है।

समर कैम्प

## आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल में समर कार्निवल का आयोजन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ है, कैम्प का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने कहा कि इस समर कैम्प के माध्यम से विद्यार्थी नए और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ सीख पाएँगे । इससे विद्यार्थी न केवल आनंद लेंगे बल्कि कुछ नया सीख पाएँगे। मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति मिश्रा लाडेकर ने विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्हें सदैव नवीनता को एक चुनौती के रूप मे अपनाने के लिए तत्पर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ हमारे भीतर बसे डर को दूर कर आत्मविश्वास को बढ़ाने मे सहयोग करती है जो हमारे व्यक्तित्व को निखारता है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की योग शिक्षिका मोनिका पाठक ने बच्चों को योग के विविध आसनों के बारे में बताया और योग अभ्यास कराया। उन्होंने एकाग्रता व मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमारे जीवन में योग के महत्व पर चर्चा करते हुए मानसिक एकाग्रता से संबंधित क्रियाएँ भी करवाई,अपनी रुचि के अनुसार विद्यार्थियों ने खेल,नृत्य,आर्ट एंड क्राफ्ट,थिएटर,एटीएल आदि मॉड्यूल में प्रतिभाग किया और आनंद के साथ विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली सीख को आत्मसात किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि समर कैम्प विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का सुअवसर है और उन्हें इस सुअवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या जी.आर मधुलिका ने कहा कि समर कैंप न केवल मौज-मस्ती करने की जगह है, बल्कि नई चीजें सीखने के लिए भी एक बेहतरीन जगह है।

> विद्यार्थी रचनात्मक दृष्टिकोण से कुछ नया सीखेंगे

# हिंदू नववर्ष पर घर-घर जलेंगे दीप

**बिलासपुर।** शहर में हिन्दू नववर्ष मनाने तैयारियां शुरू हो गई है। नववर्ष को भव्य बनाने निरंतर बैठक कर कार्ययोजना बनाई जा रही है। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। इस दिन प्रत्येक हिंदू घरों में दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसे लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 हिंदू पंचाग के अनुसार प्रतिपदा तिथि का आरंभ 29 मार्च को शाम 4 बजकर 27 मिनट पर हो जाएगा। तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होगा, ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च को होगी। इसी दिन से हिंदू नववर्ष भी शुरू हो जाएगा। जूना बिलासपुर बस्ती में सभी हिन्दू भाईयों की इस विषय में तैयारी के संबंध में बैठक नागोराव शेष आयुर्वेद महाविद्यालय जूना बिलासपुर में संपन्न हुई। जिसमें प्रत्येक हिन्दू घरों में नववर्ष पर दीप प्रज्वलन करने, भगवा झंडा फहराने तथा शोभायात्रा के स्वागत और सभी को सम्मिलित करने पर सहमति बनी।

बैठक में वार्ड पार्षद आशीष गुप्ता, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश देवांगन, विजेंद्र कुमार तिवारी, भागवत गुप्ता, गजेंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप शुक्ला, आशीष सोंथालिया, मनीष पाठक, राजीव गुप्ता, मनीष गुप्ता, सुधीर पाण्डेय, आलोक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, वाशु नामदेव, शिवेंद्र वैष्णव, अतीन्द्र धर दीवान, प्रतीक तिवारी, वंदन अग्रवाल, साहिल गुप्ता, सोमेश साहू, विजय गुप्ता, शिवा केंवट, विठ्ठल तिवारी, स्वयं नामदेव, यशस्वी गुप्ता, इंद्र पाण्डेय, दुर्गा, सुरेंद्र देवांगन, प्रकाश मिश्रा, सोनू शुक्ला, क्षमेश देवांगन, संस्कार पाण्डेय, निलेश माड़ेवार उपस्थित थे।

### आयोजन को भव्य बनाने शहर में तैयारियां जोरों पर, बैठक कर बनाई जा रही कार्ययोजना



हिंदू नववर्ष 2025 के राजा सूर्य

हिंदू नववर्ष के आरंभ के दौरान सूर्य व चंद्र देव दोनों मीन राशि में विराजमान रहेंगे। वहीं हिंदू नववर्ष 2025 के राजा सूर्य हैं। ऐसा माना जाता है कि जिस दिन से हिंदू नववर्ष शुरू होता है, तो उस दिन के स्वामी को राजा माना जाता है और हिंदू नववर्ष 2025 के मंत्री भी सूर्य हैं। इस बार हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 होगा। हिंदू नववर्ष के साथ विक्रम संवत का नया साल शुरू होता है और इस तिथि को युगादि तिथि भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन से सतयुग और देवी शक्ति की पूजा की शुरुआत हुई थी। हर साल हिंदू नववर्ष में कई महत्वपूर्ण व्रत और पर्व मनाए जाते हैं, जिनका विशेष महत्व है।

### गुड़ी पाड़वा पर होगी गुड़ी की स्थापना

हिंदू नववर्ष का पहला पर्व चैत्र नवरात्र और गुड़ी पड़वा होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी हुआ था। शहर के राम मंदिर तिलकनगर में गुड़ी पाड़वा पर रविवार 30 मार्च को गुड़ी की स्थापना कर पूजन, आरती की जाएगी। सुबह 6 बजे अभिषेक किया जाएगा। सोमवार 31 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव कीर्तन मराठी भाषा में होगा। कीर्तनकार संगीता ताई गलांडे होंगी।



इंजीनियरिंग महाविद्यालय में चल रहा तकनीकी फेस्टिवल व खेल

# बच्चों को मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर : चावला

**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में तकनीकी फेस्टिवल कौशलम तथा वार्षिक खेल महोत्सव प्रवाह का आयोजन किया गया है। 19 मार्च तक चलने वाले इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी, बौद्धिक, फन इवेंट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियां कराई जा रही है। संस्था के प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को इस आयोजन से अपने बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक बेहतर अवसर मिलता है।

इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट एक्सपो, हैकोवेशन, रोबो रेस, स्टार्टअप मंत्र, कैड अरीना, वाल पेंटिंग, ट्रेजर हंट के साथ ही विभिन्न फन इवेंट्स का आयोजन किया गया है। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। संस्था के वार्षिक खेल महोत्सव प्रवाह में विभिन्न खेलकूद गतिविधि क्रिकेट, फूटबाल, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, कैरम खेल का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य डॉ बीएस चावला ने बताया कि यह आयोजन छात्र-छात्राओं को एक मंच प्रदान करता है। आगे चलकर वे अपने इस हुनर के बल पर जीवन में नई उंचाईयों को प्राप्त करते हैं। अंत में प्राचार्य डॉ चावला की अगुवाई में महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर सर एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने एवं उनका मार्गदर्शन करने संस्था के एलुमनाई टी.पी.एस. अरोरा, राजकुमार अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, रजनीकांत अवस्थी, प्रफुल्ल खरे, गोपाल सिंह ठाकुर, सत्यव्रत बनर्जी, अनिल व्यास, डॉ जीके अग्रवाल, डॉ अवनीश उपाध्याय, डॉ सीमा चौहान, डॉ केके सक्सेना, प्रो. एसबीएस टेकाम सहित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

नई टेक्नोलॉजी के साथ अनुभवी प्रशिक्षक 50 दिनों तक सिखाएंगे क्रिकेट के गुर

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 अप्रैल से शुरू होगा पावर प्ले क्रिकेट समर कैंप

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 अप्रैल से 50 दिन का पावर प्ले क्रिकेट समर कैंप प्रारंभ होने जा रहा है। 18 मई तक चलने वाले समर कैंप में सभी आयु वर्ग के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कोच के द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।




पावर प्ले क्रिकेट समर कैंप में हाई टेक्नोलॉजी के अत्यधुनिक मशीनों के द्वारा बच्चों को क्रिकेट के गुर सिखाए जाएंगे। बैटिंग, बॉलिंग तथा क्षेत्ररक्षण के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा खिलाड़ियों को नई टेक्नोलॉजी के साथ क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्रिकेट में नर्सरी लेवल पर कोचिंग के साथ ही, क्रिकेट के नये टेक्नोलॉजी इक्विपमेंट के माध्यम से सभी आयु वर्ग के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालिकाओं को भी क्रिकेट के खेल में आगे लाने के लिए यहां विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गौरव पथ रिंग रोड 2 में भाटिया फ्यूल्स फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। एकेडमी द्वारा प्रतिदिन सुबह 7 से 9 तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा, जो 50 दिनों तक चलेगा। उक्त समर कैंप के आखिरी दिनों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों की टीम बनाकर मैच भी कराए जाते हैं। साथ ही उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अवार्ड भी दिए जाएंगे। पिछले 9 सालों से यहां पर क्रिकेट के प्रशिक्षण के साथ ही हर साल गर्मी की छुट्टी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है और फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान से अब तक राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट के खिलाड़ी निकलकर अपने समाज माता-पिता और शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। इस खेल मैदान से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी पिछले 9 सालों में शहर के कई राज्यों में क्रिकेट के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रूप में शहर का नाम रोशन कर रहे हैं।

मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता





# इरफान के ऑलराउंड प्रदर्शन से बिलासपुर मजबूत

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें बिलासपुर अपना पहला मैच दिल्लीरझरा में प्लेट कंबाइंड के मध्य खेल रही है। बिलासपुर ने पहले दिन का खेल खत्म होते तक 5 विकेट में 143 रन बना लिए थे। दूसरे दिन का खेल खेला गया जिसमें बिलासपुर ने 143 रनों से आगे खेलते हुए 65.2 ओवर में 233 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें मोहम्मद इरफान ने बल्लेबाजी करते हुए 64 रन बनाए, वासुदेव बरेठ और स्नेहिल चड्ढा ने 24 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ मजूमदार और शशांक तिवारी ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने पहली पारी में 71 रनों की बढ़त बना ली। प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी खेलते हुए 36.2 ओवर में 187 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्लेट कंबाइंड की ओर हर्ष साहू ने 45 रन और विजय यादव ने नाबाद 40 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर को ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद इरफान और मोहित रावत ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए। और मयंक यादव को 2 विकेट प्राप्त हुए। प्लेट कंबाइंड ने बिलासपुर के सामने 117 रनों का लक्ष्य रखा। बिलासपुर ने 117 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए खेल खत्म होते तक 18 ओवर में 2 विकेट खोकर 49 रन बना लिए है। बिलासपुर को जीत के लिए 68 रन और बनाने होंगे। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आशीष पांडे ने 29 रन प्रथम सिंह नाबाद 6 रन और इरफान ने 2 रन पर नाबाद खेल रहे है।

### साझेदारी ने स्कोर बढ़ाया

प्लेट कंबाइंड की ओर शशांक तिवारी को 2 विकेट प्राप्त हुए है।मैच के निर्णायक अनिल सिंह और राणा प्रताप सिंह है स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर कमल घोष टीम के कोच मोईन मिर्जा है। इसके अलावा बिलासपुर ब्लू की टीम अपना पहला मैच बीएसपी के मध्य राजनांदगांव में खेल रही है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने पहले दिन 8 विकेट में 215 रन बना लिए थे, दूसरे दिन खेलते हुए 112.3 ओवर में 263 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें श्रेयम सुंदरम और दीपक सिंह बघेल के मध्य नौवें विकेट के लिए 94 रनों को महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। जिसमें दीपक सिंह बघेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 रन श्रेयम सुंदरम ने 54 रन का योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### कैट ने यूजर चार्ज की विसंगतियों को दूर करने मेयर को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर ने महापौर को ज्ञापन सौंपकर यूजर चार्ज की विसंगतियों को दूर करने और बाजारो को सुव्यस्थित करने की मांग की है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की बिलासपुर इकाई ने नगर निगम बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि शहर के सभी बाजारों को सुव्यवस्थित, सुसज्जित व स्मार्ट बाजार बनाना, पानी, बिजली, रोशनी में की पिंक टायलेट और प्याउ की व्यवस्था करें। इसमें सामाजिक संगठनों और व्यवसायिक संस्थानों द्वारा भी व्यवस्था की जाती है, पर नगर निगम बिलासपुर भी इस दिशा में पहल कर व्यापक व्यवस्था कर सकती है। व्यवसायिक काम्प्लेक्स दुकानों से सम्पति कर के अलावा यूजर चार्ज का अतिरिक्त कर सन 2017 से वसूल करने कई व्यापारियो को नोटिस दिया गया है। जिसमे कई व्यापारियों से तो सम्पति कर से भी ज्यादा यूजर चार्ज पटाने नोटिस दिया गया है। छोटे दुकानदारों के लिए यह यूजर चार्ज अतिरिक्त भार है। छोटी दुकानों का तो सम्पत्ति कर से अधिक यूजर चार्ज लिया जा रहा है। यूजर चार्ज वर्तमान में बिलासपुर के छोटे व बड़े व्यापारी सभी की मुख्य समस्या है जिसके लिए कैट बिलासपुर के सचिव हीरानंद जयसिंह, आशीष अग्रवाल, राजेश सैनी, सुरेंद्र अजमानी, परमजीत उपवेजा, कैट बिलासपुर की टीम ने नगर निगम महापौर पूजा विधानी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा है। कैट ने यूजर चार्ज की विसंगति को दूर करने की मांग की है। कैट नगर इकाई के सचिव हीरानंद जयसिंह ने बताया की नगर निगम के यूजर चार्ज की विसंगतियों को लेकर कैट बिलासपुर टीम द्वारा विधायक अमर अग्रवाल व आयुक्त और कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया है। जिससे जल्द से जल्द सभी छोटे व बड़े व्यापारियों को राहत मिल सके।

### रेलवे आयुक्त ने किया विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का निरीक्षण



**बिलासपुर।** इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा गाड़ियों के गतिशील परिचालन के लिए मंडल में नई रेललाइन, दोहरीलाइन, तीसरी लाइन एवं चौथीलाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी विद्युतीकृत तीसरीलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत चंदिया-विलायतकलां रोड स्टेशनों के मध्य लगभग 10 किमी विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का सम्पूर्ण कार्य पूरा होने के पश्चात एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी बी.के.मिश्रा द्वारा इस नईलाइन का निरीक्षण किया गया । मंगलवार को उक्त लाइन का निरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी बी.के.मिश्रा निरीक्षण दल के साथ विशेष गाडी से चंदिया रोड स्टेशन पहुंचे। चंदिया रोड स्टेशन में पेनल रूम, स्टेशन तथा यार्ड का निरीक्षण करने के पश्चात उन्होंने इस विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का चंदिया रोड-विलायतकलां रोड स्टेशन तक मोटर ट्राली निरीक्षण किए । निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने विस्तृत रूप से लाइन की संरचना, ट्रैक की गुणवत्ता, इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, कर्व, ब्रिज, ओवरहेड इलेक्ट्रिक सिस्टम, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं का सूक्ष्म परीक्षण किया। निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आलोक तिवारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अनेक अधिकारी शामिल थे।

### बार काउंसिल चुनाव का कार्यक्रम तय करने एक दिन का मिला समय

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) को निर्देश दिया है कि वे प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम के लिए स्पष्ट गाइडलाइन तैयार कर कोर्ट में पेश करें। इसके लिए हाईकोर्ट ने एक दिन का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। हाईकोर्ट खास तौर पर स्टेट बार काउंसिल पर काफी नाराज हुआ कि 45 दिन का कार्यक्रम जारी किया गया है जबकि अपने ही नोटिफिकेशन में स्टेट बार ने पहले 180 दिनों की बात कही थी। इससे पहले हाईकोर्ट ने पिछले छह वर्षों से स्टेट बार काउंसिल के चुनाव नहीं होने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने 18 फरवरी 2025 को पारित अपने आदेश के पालन की स्थिति के बारे में पूछा। साथ ही, बीसीआई की ओर से शपथपत्र दाखिल न किए जाने पर भी असंतोष व्यक्त किया था। बीसीआई के अधिवक्ता ने जानकारी दी कि सचिव द्वारा शपथपत्र भेज दिया गया है, लेकिन वह हाईकोर्ट को प्राप्त नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी कहा है कि चुनाव कार्यक्रम बीसीआई नियमों और अधिसूचनाओं के अनुसार तैयार किया जाए, ताकि चुनाव में किसी प्रकार की देरी न हो।

**प्रधानमंत्री का आगमन** — कलेक्टोरेट में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए प्रशासन के अधिकारियों व रेलवे सीनियर अफसरों के बीच मीटिंग

# पीएम मोदी की सभा के दौरान रेलवे ट्रैक पर भी होगी सिक्यूरिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के दौरान मोहभट्ठा में रेलवे ट्रैक पर सिक्यूरिटी व रेल परिचालन को लेकर मंगलवार को कलेक्टोरेट में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए प्रशासन के अधिकारियों के साथ रेलवे एवं आरपीएफ के सीनियर अफसरों के बीच मीटिंग हुई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर उस दौरान ट्रेनों के आवागमन को लेकर सर्वे भी किया जा रहा है।

बिल्हा क्षेत्र के मोहभट्ठा के मैदान में 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा की तैयारी चल रही है। मोहभट्ठा के जिस जगह पर प्रधानमंत्री की सभा होनी है वहां पर बगल से रेलवे ट्रैक गुजरा है। इस ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन होते रहता है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम दौरान रेलवे ट्रैक की सुरक्षा और ट्रेनों के परिचालन को लेकर आज शाम करीब पांच बजे कलेक्टोरेट में एक मीटिंग हुई। इसमें कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह समेत निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं आरपीएफ के डीआईजी और रेलवे के अन्य सीनियर अफसर मौजूद रहे।वहीं वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए रेलवे के सीनियर अफसर भी मीटिंग में शामिल हुए।

### 25 मार्च से आएगें दर्जनों आईपीएस अधिकारी

- 60 एएसपी डीएसपी सहित सैकडों पुलिसकर्मी होंगे सुरक्षा में तैनात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी जोरों से चल रही है। सभास्थल से लेकर हेलीपेड तक पुलिस अधिकारी जवानों व बम निरोधक दस्ता टीम की तैनाती कर दी गई है। 25 मार्च से प्रदेश भर से दर्जन आईपीएस अधिकारी, करीब 50 से 60 एएसपी, डीएसपी रेंक के अधिकारी व सैकड़ों पुलिसकर्मियों का आगमन हो जाएगा। एक तरह से पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो जाएगी। 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिल्हा मोहभट्ठा में आगमन हो रहा है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सभास्थल व हेलीपेड पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। उनके आगमन के पूर्व ही 1-4 का आर्म्स गार्ड तैनात कर दिया गया है। वहीं बम निरोधक दल मौके पर तैनात है। सभा स्थल व हेलीपेड में आने जाने वाले सभी लोगों की सुक्ष्मता से जांच की जा रही है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने सभा स्थल से 4 किलोमीटर दूरी की परिधी में आने वाले एक-एक मकान, वहां रहने वाले लोगों के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों की जांच कर पूरा रिकार्ड बना लिया गया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर यह एक मीटिंग थी, जिसमें रेलवे व आरपीएफ की ओर से प्रशासन को पूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया गया है। सभास्थल के पास से जो रेलवे ट्रैक गुजरी है वहां ट्रैक के दोनों तरफ रेलवे द्वारा बेरिकेड्स लगाए जाएंगे ताकि सभा में आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो और रेलवे ट्रैक की तरह लोग न जा सकें। यह भी सर्वे किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम दौरान दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक उस ट्रैक से कितनी ट्रेनों का आवागमन होता है। प्रधानमंत्री की हाई सिक्यूरिटी रहती है इसलिए सिक्यूरिटी के हर एंगल से व्यवस्था बनाई जा रही है। कार्यक्रम में हितग्राहियों की भीड़ को भी ध्यान में रखकर तैयारी चल रही है और अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।

### ट्रैक के दोनों तरफ लगाए जा रहे हैं बेरिकेड्स

प्रधानमंत्री का 30 मार्च को बिलासपुर मोहभट्ठा आगमन होना है। इसलिए कार्यक्रम स्थल के बगल से रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों के आवागमन सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे के सीनियर अफसरों के साथ मीटिंग हुई है। रेलवे की ओर से वहां ट्रैक के दोनों तरफ बेरिकेड्स लगाए जा रहे हैं ताकि हितग्राहियों को भी वहां आने में असुविधा न होने पाएं।

**-अवनीश शरण,**
कलेक्टर

595 पदों पर होनी है भर्ती, डाक्यूमेंट वेरिफेशन व इंटरव्यू के बाद मामला ठंडा

# विज्ञापन के तीन साल बाद शुरु की गई प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया फिर रुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- सीधी भर्ती के लिए 2021 में निकाला गया था विज्ञापन

प्रोफेसर के 595 पदों पर सीधी भर्ती के लिए वर्ष 2021 में विज्ञापन निकाला गया था और करीब तीन साल इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से शुरू किया गया था। उम्मीदवारों को डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन और इंटरव्यू के लिए रायपुर पीएससी कार्यालय भी बुलाया गया था, किन्तु उसके बाद करीब तीन माह से मामला ठंडा पड़ा हुआ है।

इधर प्रोफेसर पद के उम्मीदवारों को इस भर्ती प्रक्रिया का बेसब्री से इंतजार है। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रोफेसर के 595 पदों के लिए वर्ष 2021 में पीएससी के माध्यम से विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद वर्ष 2024 में इस विज्ञापन में गड़बड़ी का शुद्धि पत्र जारी हुआ। इसके बाद दिसंबर 2024 में यह भर्ती प्रक्रिया चालू हुई और 1545 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। 2 दिसंबर 2024 को इंटरव्यू शुरू हुआ और 4 दिसंबर को होने वाला इंटरव्यू स्थगित कर दिया। इसके बाद डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं इंटरव्यू के लिए संशोधित तिथि जारी किया गया और 10 दिसंबर से 17 दिसंबर तक इंटरव्यू, डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ। इसके बाद से प्रोफेसर पद पर भर्ती का मामला ठंडा पड़ा हुआ है और उम्मीदवारों को आगे की प्रक्रिया का इंतजार है।

### 285 कालेजों में होनी है नियुक्ति

पीएससी द्वारा प्रोफेसर के 595 पदों पर भर्ती की जा रही है। प्रदेश के 285 कालेजों में 30 विषयों के प्रोफेसरों की भर्ती होनी है। राज्य शासन ने 2021 में इस भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था, लेकिन कुछ विवादों के कारण भर्ती प्रक्रिया में देरी हुई थी। प्रोफेसर पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों से 10 वर्ष का अध्यापन अनुभव और रिसर्च पेपर तथा स्वयं की लिखी किताबों के संबंध में शपथ पत्र लिया गया है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा था कि उम्मीदवारों ने किसी अन्य का काम नहीं चुराया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश

# पूर्व विधायक के निधन की सूचना में विलंब, तीन कर्मचारियों पर गिरी गाज

**बिलासपुर।** पूर्व विधायक देवचरण मधुकर के निधन की सूचना विलंब से देने के मामले में तीन कर्मचारियों पर इक्रीमेंट रोकने कार्रवाई की गाज गिरी है। इसके साथ ही मस्तूरी एसडीएम व तीन सहायक अधीक्षकों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। पूर्व विधायक के निधन की सूचना में विलंब का मामला विधानसभा में उठा था और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

विधानसभा में मामला उठने के बाद विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर इस मामले में प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। इसमें तीन कर्मचारियों सहायक ग्रेड-टू प्रिती राजगीर व पदुम अवस्थी एवं सहायक ग्रेड-थ्री कुलदीप बैरहा पर कार्रवाई करते हुए उनका एक-एक इक्रीमेंट रोक दिया गया है। इसके अलावा मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा सहित सहायक अधीक्षक केके परवार, अमरनाथ चौधरी एवं प्रमोद दुबे को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय के पूर्व विधायक देवचरण मधुकर का पिछले फरवरी माह में निधन हो गया था और उनका अंतिम संस्कार देवकीनंदन दीक्षित सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया था। विधानसभा सत्र के दौरान 6 मार्च को सदन में पूर्व विधायक के निधन पर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई थी।

### विधानसभा अध्यक्ष ने शासन को दिया था कार्रवाई का निर्देश

विधानसभा सचिवालय को पूर्व विधायक देवचरण मधुकर के निधन की सूचना विलंब से प्राप्त होने के मामले पर विधायक अजय चन्द्राकर ने आसंदी का ध्यानाकर्षित किया था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदन को सूचित किया कि जुलाई 2024 सत्र में पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना विलंब से प्राप्त होने पर शासन को निर्देश दिए गए थे कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि सांसदों, विधायकों के निधन की सूचना तत्काल विधानसभा सचिवालय को सूचित करें, मगर यह देखा जा रहा है कि अत्यंत विलंब से जानकारी विधानसभा सचिवालय को भेजी जा रही है। यह आपत्तिजनक है अनुचित है। शासन को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर आवश्यक निर्देश जारी करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा था कि सामान्य प्रशासन विभाग को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया था और अजय चन्द्राकर ने फिर से ध्यानाकर्षित किया है। निश्चित रूप से पूरी गंभीरता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि मेरे निर्देश के उपरांत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया गया। शासन के निर्देश के बावजूद भी अविभाजित मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य डॉ. देवचरण सिंह मधुकर का निधन 12 फरवरी 2025 को हुआ।

## एसईसीएल के निदेशक ने बताया सामूहिक प्रयासों का महत्व



**बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के 100 दिवसीय क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन अभियान 7 दिसंबर 2024 - 17 मार्च 2025) के तहत एसईसीएल द्वारा टीबी और एचआईवी रोकथाम एवं जागरूकता पर एक दिवसीय एडवांस्ड ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन एमडीआई, एसईसीएल बिलासपुर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने टीबी और एचआईवी के खिलाफ सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। जिला टीबी अधिकारी डॉ गायत्री बांधी ने टीबी प्रबंधन कार्यक्रम के बारे में बताया। वहीं डा. ऋतु कश्यप ने टीबी के इलाज दिशानिर्देश, प्रोटोकॉल एवं सह-रुग्णता की जानकारी प्रतिभागियों को दी। साथ ही टीबी एवं एचआईवी के सामाजिक प्रभाव से जुड़े पहलुओं पर जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष सिंह ने प्रकाश डाला।

कार्यशाला में टीबी एवं एचआईवी प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं (बेस्ट प्रैक्टिस) को साझा करने, जागरूकता बढ़ाने, और रोकथाम के उपायों पर चर्चा करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए।

## प्रेरणा दिवस के रूप में मना स्व. पं. भागवत दुबे का जन्म दिवस



**बिलासपुर।** सीएम दुबे महाविद्यालय शासी निकाय के पूर्व अध्यक्ष स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे का जन्म दिवस 18 मार्च को महाविद्यालय के सभागार में "प्रेरणा दिवस" के रूप में मनाया गया। 18 मार्च सन 1939 को दुबे परिवार में जन्में स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे नगर के अग्रणी समाजसेवी और अधिवक्ता थे। वे सन 1991 से जीवन पर्यन्त सीएम दुबे महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष रहे। स्व. दुबे अपने कार्यों के कारण हमारी स्मृतियों में सदैव जीवित रहेंगें।

स्व. पं. द्वारिका प्रसाद ने जहां सीएम दुबे महाविद्यालय की स्थापना की थी वहाँ स्व. पं. भागवत प्रसाद ने महाविद्यालय को संवर्धित किया। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. पं. संजय दुबे ने स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे दृढ़ निश्चयी थे। कठिन परिस्थितियों में भी वे अविचलित रहकर संयमित और संतुलित आचरण करते थे। वे अनाम रह कर अच्छे कार्य करना पसंद करते थे। शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में ही नहीं बीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष के रूप में भी उनका कार्यकाल निष्पक्षता और पारदर्शिता का उदाहरण रहा है। उनका सदैव यह विचार रहा कि किसी भी टीम का नेतृत्व करने में आगे बढ़ना चाहते हो यह अपनी वर्तमान भूमिका में प्रासंगिक बने रहना चाहते हो तो सफलता के लिए लगातार सीखते रहना या उस क्षेत्र पर संघर्षरत रहना जरूरी है। शासी निकाय के उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने भी संबोधित किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पं. महेश दुबे, सत्यप्रकाश चतुर्वेदी, अमन दुबे, अंजली चतुर्वेदी, डॉ.केके जैन, राजकुमार पंडा, कौशल गुप्ता, कलेश्वर सिंह राजपूत, प्रवीण गुप्ता सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें नमन किया। शहर के वृद्धाश्रमों में स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे की स्मृति में डॉ. पं. संजय दुबे तथा दुबे परिवार के सदस्यों ने भोजन एवं फलों का वितरण किया।

## सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि ने महिला दिवस पर किया सम्मान



**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के परिपेक्ष में आयोजित कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक सुश्री प्रकृति वर्मा रहीं। कार्यक्रम के अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव भुवन सिंह राज ने की।

आयोजन में महिला दिवस पर 10 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित कार्यक्रमों के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुल सचिव भुवन सिंह राज ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। वे सिर्फ परिवार की देखभाल ही नहीं करतीं, बल्कि शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल और व्यापार जैसे हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। आज हमें यह स्वीकार करना होगा कि महिलाएं किसी भी तरह से पुरुषों से कम नहीं हैं। यदि उन्हें समान अवसर दिए जाए तो वे चमत्कार कर सकती हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रकृति वर्मा ने कहां की आज आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक सभी वर्गों में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्राध्यापक हीरालाल शर्मा व संचालन डॉ. अनीता सिंह ने किया।

### इनको मिला पुरस्कार

अंतर्राष्ट्रीय महिला पखवाड़ा दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शतरंज में प्रथम भारती दुबे, नींबू दौड़ में अंजना सुनहरे, बैडमिंटन में अंकिता लकड़ा, कुर्सी दौड़ में भारती दुबे, तवा एवं भाले फेंक में डॉ प्रीति साहू तथा आनंद मेला में बेस्ट स्टॉल एकता एवं व्यंजन के लिए प्रथम डॉ सरिता चंद्रवंशी एवं डॉ शिल्पा रही। रंगोली में प्रथम सपना साहू एवं केशसज्जा में महेश्वरी, सलाद सज्जा में डॉ सरिता चंद्रवंशी एवं मेहंदी में निकिता सोनी ने प्रथम रही।

सीवीआरयू आईटीबीआई में इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप पर पांच दिवसीय कार्यशाला

# युवा अपनी सोच व ज्ञान को समाज के लिए उपयोगी बनाने करें काम: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित सीवीआरयू आईटीबीआई में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोगाम ऑन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, डीएसटी एवं विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं आईटी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इन पांच दिनों तक देश के कई राज्यों से से आए उद्यमी युवाओं के सामने अपने अनुभव और उद्यमिता के आइडिया शेयर करेंगे। उद्घाटन समारोह में उपस्थित रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने भावी उद्यमियों से कहा कि अपने ज्ञान को विकास की दिशा में सोचने और समाज के लिए उपयोगी बनाने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। कैसे पेटेंट कराया जा सकता है, कैसे किसी विचार से इनकम जनरेट की जा सकती है, यह आज युवाओं को सोचना होगा। उन्होंने कहा कि युवा केवल नौकरी तक सीमित ना रहे। स्किल, रिसर्च, इनोवेशन में जाकर अपने आप को स्थापित करने के लिए प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि क्लास रूम टीचिंग लर्निंग में बदलाव करके प्रोजेक्ट बेस टीचिंग लर्निंग शुरू करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित एकेडमिक अधिष्ठाता डॉ. जयती चटर्जी ने कहा कि आज फैकल्टी को इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप जानने समझने और की जरूरत है। यही भावी विद्यार्थी हैं 2027 विकसित भारत का सपना साकार करेंगे। उन्होंने पांच सी का फार्मूला भी बताया। जिसमें करैक्टर, कॉन्फिडेंस, क्रिएटिविटी, कमिटमेंट और कंसीडेंस के बारे में बताया। कार्यक्रम में सीएसवीटीयू फोटे के सीईओ एक्रांशु द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। आभार प्रकट इंजीनियरिंग के प्राचार्य मनोज कुमार तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ मित्रा फैकल्टी इंचार्ज एवं पीआई, रवि तिवारी सीईओ, मारुतिनंदन समाधिया इनक्यूबेशन एसोसिएट उपस्थित रहे।





### वैश्विक उपयोगिता स्थापित करने की जरूरतः तिवारी

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि आज हमें भारतीय परंपरागत रोजगार में टेक्नोलॉजी को जोड़कर वैश्विक उपयोगिता स्थापित करने की जरूरत है। रोजगार को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा गया है, जबकि यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि समय से पहले सोचते हैं और प्रासंगिक हो जाते हैं इसे ही इनोवेशन कहा जाता है।

## बिजनेस साइट

### एसेट एलोकेशन म्यूचुअल फंड में निवेश का महत्व ऐसे समझें



**विजय कुमार खेतान**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर

**बिलासपुर।** इक्विटी बाजारों ने हाल ही में निवेशकों को मुश्किल में डाल दिया है, ऐसे में एसेट एलोकेशन या किसी के निवेश को अलग-अलग एसेट क्लास में बांटने का महत्व फिर से चर्चा में है। सितंबर 2024 से इक्विटी की ओर झुकाव रखने वाले पोर्टफोलियो वालों ने उन लोगों की तुलना में अधिक गिरावट देखी है, जिनके पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट और गोल्ड का मिश्रण था। जबकि घरेलू विकास में मंदी के कारण समृद्ध मूल्य वाले भारतीय इक्विटी में गिरावट आई है, कम ब्याज दरों की संभावना ने डेट बाजारों को स्थिर रखा है, और मैक्रोइकॉनॉमिक और वैश्विक स्तर पर बदलती राजनीतिक अनिश्चितता ने सोने का समर्थन किया है। इस प्रकार डेट और गोल्ड ने मल्टी- एसेट निवेशकों के लिए गिरावट को सीमित कर दिया है, न केवल उनकी निवेश यात्रा को और अधिक आरामदायक बना दिया है, बल्कि भविष्य के पोर्टफोलियो रिटर्न की संभावनाओं में भी सुधार किया है।

ऐतिहासिक रूप से भी, इक्विटी, डेट और गोल्ड के बीच यह संबंध बार - बार सामने आया है क्योंकि एक एसेट क्लास में खराब प्रदर्शन की भरपाई दूसरे में बेहतर प्रदर्शन से होती है। हालांकि, निवेशक भीड़ का अनुसरण करते हुए सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले या ट्रेंडिंग एसेट क्लास में निवेश करते हैं, इस तथ्य को नजरअंदाज करते हुए कि सभी एसेट क्लास चक्रों में ऊपर-नीचे होते रहते हैं क्योंकि वे बदलती आर्थिक स्थितियों पर प्रतिक्रिया करते हैं।

इसलिए, जबकि महामारी के बाद के वर्षों में इक्विटी बाजारों ने अच्छा प्रदर्शन किया हो सकता है, किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि कोई भी एसेट क्लास केवल एक ही दिशा में आगे नहीं बढ़ सकता है। यहीं पर आपके पोर्टफोलियो में विविधता लाने की जरूरत आती है।

एसेट क्लास स्तर पर विविधता लाना लंबे समय में पोर्टफोलियो परफॉर्मेंस का मुख्य निर्धारक है। लेकिन रिटेल निवेशकों के पास हमेशा इक्विटी, डेट, गोल्ड मार्केट को ट्रैक करने और अधिकतम पोर्टफोलियो एलोकेशन निर्धारित करने के लिए समय या विशेषज्ञता नहीं हो सकती है। इस प्रकार वे अधिक आवंटित या कम आवंटित होने, अधिक जोखिम लेने या संभावित रिटर्न खोने का जोखिम उठाते हैं।

एसेट एलोकेशन म्यूचुअल फंड जो रिसर्च पर आधारित तरीके से एसेट क्लास में निवेश करते हैं, निवेश जोखिम और रिटर्न में विविधता लाने का एक आसान और कुशल तरीका हो सकता है। ऐसा ही एक फंड आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) है, जिसमें निवेश पर विचार कर सकते हैं। यह फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में आवंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है। 28 फरवरी, 2025 तक, इसने 6. 85 फीसदी का एक साल का रिटर्न दिया है, जिसमें तीन साल में 11.80 फीसदी और पांच साल में 13. 69 फीसदी का मजबूत सीएजीआर रिटर्न है।

18-MAR--REGNOL-pg-6-COMMAN_Layout 1 3/18/2025 11:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### शुक्ला निवास पर मना होली एवं जीत का जश्न

**बिल्हा।** कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी शामिल हुए। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में अनीता राजेंद्र शुक्ला की ऐतिहासिक जीत की अलग उत्साह भी उनके समर्थकों में देखने को मिला। कार्यक्रम में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ-साथ बिलासपुर जिला अध्यक्ष सीमा घीतेश, विजय पांडे, प्रमोद नायक, राजेंद्र साहू डब्बू एवं जिले के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की भारी भीड़ उपस्थिति रही ।

### मुस्लिम समाज ने किया रोजा इफ्तार



**तखतपुर।** तखतपुर मुस्लिम समाज के लोगों ने रमजान के पाक महीने में रोजा इफ्तार किया। इस अवसर पर पूर्व एल्डरमैन नट्टू अजमत हुसैन, रजाखान, इमरान शाह, बबला खान, अजहर जिंदरान, हासिम, इमरान खान,रेहान खान, शमीम शाह, जुनेद जायसी, जिशान खान, आमीन, अजहर खान, आजम खान, अमन खान, राज खान ,असलम खान, कलाम खान,समीर शाह,रेहान सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया।

### सड़क दुर्घटना का शिकार हुई बीएमओ की कार, गाय की मौत

**तखतपुर।** सड़क दुर्घटना में बीएमओ उमेश साहू बाल-बाल बच गए लेकिन उनके वाहन की टक्कर से एक गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तखतपुर बीएमओं डॉ उमेश साहू अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर आ रहे थे, जैसे ही वे जरेली पालिटेक्निक कालेज के पास पहुंचे तभी अचानक दौड़ते हुए गाय उनके सामने आ गई और उनकी कार क्रमांक सीजी 10 बीएम 0518 से टकरा गई। हादसे में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई तथा घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में कार भी पलट गई लेकिन कार चला रहे डॉ उमेश साहू को कोई भी खरोंच नहीं आई, वे पूरी तरह सुरक्षित रहे।



निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी

### पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए कलेक्टर, एसपी



**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर-सेतगंगा में स्नेह सम्मेलन, वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ की परम्परा एवं संस्कृति पर आधारित लोक गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जीवन में निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। आर्थिक स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण है। जीवन में कठिनाईयां आएंगी, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। आत्मविश्वास और मेहनत से हर समस्या का समाधान संभव है। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से कहा कि "स्वयं को जानो और स्वयं को पहचानो" यह वाक्य मात्र नहीं, बल्कि गहन चिंतन और मनन का विषय है। उन्होंने युवाओं को अपने वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने और जीवन के हर पल को पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ जीने की सीख दी।

### किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री गतिशक्ति एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत जिले में सभी किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया लगातार जारी है। कलेक्टर राहुल देव ने सभी किसानों से अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र में जाकर पंजीयन अवश्य कराने की अपील की है, ताकि कृषक इस डिजिटल पहचान का लाभ उठा सकें और भविष्य में सरकार की विभिन्न योजनाओं से सीधे जुड़ सकें।कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि जिले में 98 हजार 361 कृषकों के पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा अब तक 50 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन पूरा किया जा चुका है। मैदानी अमला द्वारा डोर-टू-डोर कृषकों से सम्पर्क कर लोक सेवा केन्द्र में जाकर अपना पंजीयन अवश्य कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## तखतपुर विकासखंड में बनाए गए 180 परीक्षा केंद्र

# सरकारी स्कूलों में जमीन पर बैठकर विद्यार्थियों ने दी आठवीं की परीक्षा



जमीन पर बैठकर परीक्षा दिलाते छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

केंद्रीयकृत आठवीं की परीक्षा में जहां सरकारी स्कूलों के परीक्षार्थी की उपस्थिति कम रही, वहीं निजी स्कूल और आत्मानंद स्कूल के परीक्षार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। सरकारी स्कूलों के परीक्षाथियों ने कई केंद्रों में जमीन पर बैठकर परीक्षा दिलाई। शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पचास कदम दूर स्थित मिडिल स्कूल के 8 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचें। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवीं और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा का आयोजन किया गया।

■ मिडिल स्कूल के 8 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे

तखतपुर विकासखंड में कक्षा आठवीं के लिए 180 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। निजी स्कूलों के परीक्षार्थी भी सरकारी परीक्षा केंद्रों में शामिल किए गए। नगर के जनपद मिडिल स्कूल में 23 में 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं विकासखण्ड कार्यालय से पचास कदम की दूरी पर लगने वाले मिडिल स्कूल 32 परीक्षार्थीयों में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बेलसरी में सरस्वती शिशु मंदिर के 9 परीक्षार्थी में 9 उपस्थित रहे, वहीं इसी परीक्षा केंद्र में 43 में 42 उपस्थित रहे। वहीं ग्राम मोढ़े सरकारी मिडिल स्कूल में 49 में एक छात्र अनुपस्थित रहा। नगर के कन्या मिडिल स्कूल में 95 में 9 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। सरकारी स्कूलों का हाल यह था कि ग्राम मोढ़े परीक्षा केंद्र में 48 छात्र जमीन पर बैठकर परीक्षा दिला रहे थे। वहीं आत्मानंद के 47 परीक्षाथीयों में 47 की उपस्थिति रही। यहां के केंद्राध्यक्ष ज्योति चौहान ने बताया कि आत्मानंद में उपस्थिति को लेकर ध्यान दिया जाता है और अनुपस्थित छात्र-छात्राओं को नोटिस देकर पालक से जानकारी ली जाती है। यही कारण है कि निजी और आत्मानंद स्कूल की उपस्थिति परीक्षा केंद्र में पूरी है। वहीं एक अन्य शिक्षक ने कहा कि मिडिल स्कूल के छात्र जो स्कूल नहीं आते उनके विषय में विभाग कोई भी जवाबदारी नही दी जाती। जिसके कारण छात्र स्कूल भी नही आते और परीक्षा केंद्र से भी दूरी बनाए रहते है।

### डिप्टी कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



निरीक्षण करते अधिकारी।

**मुंगेली।** डिप्टी कलेक्टर एवं बोर्ड परीक्षा के नोडल अधिकारी अजय शतरंज ने जिले में संचालित कक्षा 12वीं और कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षाओं का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जाएं।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में कक्षा 12वीं की परीक्षा का जायजा लिया। इस परीक्षा में कुल 190 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया। इसके उपरांत उन्होंने कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया, जहां 124 परीक्षार्थी उपस्थित थे। डिप्टी कलेक्टर ने सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण प्रक्रिया एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाएं।



विजयी मुद्रा में उपाध्यक्ष प्रत्याशी सहित अन्य।

# तखतपुर पालिका उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा

**तखतपुर।** नगर पालिका उपाध्यक्ष के पद पर कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया है। उपाध्यक्ष के लिए हुए इस चुनाव में गौरी अजय देवांगन ने 4 मतों से जीत दर्ज की। जीत के बाद कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई एवं वे आतिशबाजी कर जश्न मनाने लगे।

■ गौरी देवांगन ने 4 मतों से दर्ज की जीत

तखतपुर नगर पालिका में मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के लिए पीठासिन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी डा ज्योति पटेल ने चुनाव प्रक्रिया प्रांरभ कराई। कांग्रेस ने अंतिम समय में अपने प्रत्याशी के रूप में गौरी अजय देवांगन का नाम तय किया, वहीं भाजपा ने अंकित अग्रवाल को अपना प्रत्याशी बनाकर सबको चौंका दिया। मतदान के आधे घंटे बाद मतगणना शुरू की गई, जिसमें 10 मत कांग्रेस के प्रत्याशी गौरी अजय देवांगन को मिले, वहीं भाजपा के अंकित अग्रवाल को 6 मत मिले। इस तरह गौरी अजय देवांगन ने 4 मतों से जीत दर्ज की। इस मौके पर कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पर्यवेक्षक महेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, जितेंद्र पाण्डेय, शिवबालक कौशिक, जगदीश कौशिक, बिहारी देवांगन, सुरेश सिंह ठाकुर, आतमजीत मक्कड़, अजय देवांगन, हरविंदर हूरा, नट्टू जायसी, अभिषेक पाण्डेय, अमित भारते, मुकेश तिवारी, राजेश बंजारे, बबलू गुप्ता, करीम कुरैशी, मिथिलेश यादव, राजू ठाकुर, चंद्रप्रकाश देवांगन, सुनील जांगड़े, रमन हूरा, आदर्श बंजारे, यावेंद्र सिंह, मोंटू मिश्रा, राजवीर हूरा, मुस्तफा वनक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### निर्विरोध नपा उपाध्यक्ष बने कौशिक

**करगी रोड कोटा।** नगर पंचायत कार्यालय में नपा उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें प्रदीप कौशिक को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। विदित हो कि बीजेपी के 12 पार्षद एवं अध्यक्ष मिलाकर 13 पार्षद थे, वहीं कांग्रेस के 3 पार्षद थे। उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस के तरफ से किसी का नाम सामने नहीं आया एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के दिशा निर्देश पर वार्ड नंबर 2 के पार्षद तथा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। तहसीलदार कोटा ने प्रदीप को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। नवनिर्वाचित नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक ने कहा कि नगर पंचायत के पूरे 15 वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के साथ नगर के विकास में अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू व पार्षदों के सहयोग से नगर पंचायत के विकास को नई दिशा देंगे।



### भाजपा के जायसवाल बने निर्विरोध नपा उपाध्यक्ष

**लोरमी।** नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें भाजपा के डॉ अशोक जायसवाल को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। एसडीएम अजीत पुजारी ने जायसवाल को विजयी घोषित कर उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। भाजपा के 11, कांग्रेस के 4 एवं एक निर्दलीय पार्षद एवं अध्यक्ष सहित 19 लोग मतदान के लिए मौजूद रहे। भाजपा से उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद डॉ अशोक जायसवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया एवं कांग्रेस से वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद शशांक वैष्णव ने नामांकन दाखिल किया। लेकिन नाम वापसी के दौरान शशांक वैष्णव ने अपना नाम वापस ले लिया जिससे डॉ अशोक जायसवाल निर्विरोध उपाध्यक्ष बन गए।



## पथरिया क्षेत्र में पहले दिन 3688 बच्चों ने दी परीक्षा

**पथरिया।** शिक्षा विभाग ने प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में सिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एक बार फिर पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं को शुरू कर दिया है। सोमवार को इसकी शुरुआत पांचवी की परीक्षा के साथ हुई जिसमें विकासखण्ड के लगभग सभी प्राथमिक स्कूलो को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां 3 हजार 6 सौ 88 छात्र-छात्राओं ने पहले दिन की परीक्षा दी। वहीं पहले दिन गणित विषय की परीक्षा में 216 बच्चे नदारद रहे। शिक्षा विभाग द्वारा पांचवी व आठवी के परीक्षा के लिए हाई व हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर परीक्षा केन्द्र , निरीक्षण दल और पेपर वितरण की व्यवस्था बनाई है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों में बोर्ड परीक्षा का भय व्याप्त ना हो इसके लिए परीक्षा पूर्व विद्यालय में शिक्षकों ने विशेष तैयारी कराई है। विषय ज्ञान के साथ बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए मानसिक रूप से भी तैयार किया गया है। साथ ही सभी विद्यालयों में पांचवी के लिए प्री-बोर्ड तैयारी कराई गई है । इग्नाइट स्कूल के लिए अलग पेपर - ब्लॉक में संचालित सीबीएसई पाठ्यक्रम के शास प्राथमिक शाला इग्नाइट के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अलग से प्रश्न पत्र तैयार कराया गया, जबकि बाकी विद्यालयों के लिए राज्य स्तर से ही प्रश्न पत्र छप कर आए हैं। चूंकि इग्नाइट इंग्लिश मीडियम विद्यालय का पाठ्यक्रम बाकी विद्यालय से अलग है इसलिए यहां के लिए अलग व्यवस्था बनाई गई है ।



आठवी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करते पथरिया बीईओ पीएस बेदी।

### आठवीं की परीक्षा में शामिल हुए 3556 विद्यार्थी

आठवी की परीक्षा में पथरिया विकासखंड में कुल पंजीकृत 3 हजार 9 सौ 11 परीक्षार्थियों में से परीक्षा में कुल 3 हजार 5 सौ 56 शामिल हुए तथा 3 सौ 55 अनुपस्थित रहे। 40 संकुलों के प्राचार्य तथा शैक्षिक समन्वयकों को प्रत्येक पूर्व माध्यमिक शालाओं में अध्ययरत छात्रों की परीक्षा व्यवस्था की जवाबदारी दी गई है। सभी 73 शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया है और अन्य शालाओं के प्रधान पाठकों को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता टीम पीएस भी बनाई गई है जिसके तहत बेदी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, यतेंद्र भास्कर, रविपाल राठौर, नाथूराम ध्रुव सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा अशोक कुमार यादव खंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोई नकल प्रकरण नहीं बना तथा परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। यह जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी एस बेदी नने दी।

## बछड़े को मारने के आरोप में 8 गिरफ्तार

**मुंगेली।** होली त्यौहार में बछड़े को क्रुरतापूर्वक मारने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 16 मार्च को ग्राम पंचायत हेड़सपुर नवागांव खार में गाय के बछड़े को किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निर्दयतापूर्वक वध करके सिर धड़ से अलग करने की सूचना मनीष वैष्णव पिता चंद्र किशोर वैष्णव निवासी खैरवार बैरागी बजरंग दल एवं संगठन से प्राप्त होने पर मौके पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।




मामले में 8 आरोपियों की अपराध में संलिप्तता पाई गई। जिसमें बबला उर्फ राजेश पिता मुंगेलीहा दिवाकर उम्र 42 वर्ष साकिन हेड़सपुर, जितू उर्फ जीतराम बारले पिता बैसाखू बारले उम्र 65 वर्ष साकिन ग्राम करहुल पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा, थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार, प्रदीप मसीह पिता कृष्णारास उम्र 50 वर्ष साकिन गणेशपुर, थाना सिमगा, जिला बलौदाबाजार, प्रवीण मसीह पिता विराज मसीह उम्र 50 वर्ष साकिन गणेशपुर, थाना सिमगा, जिला बलौदाबाजार, सुशील जांगड़े पिता रामदास उर्फ मत्तु उम्र 40 वर्ष साकिन हेड़सपुर, मेला राम दिवाकर पिता पंचु दिवाकर उम्र 31 वर्ष साकिन रामाकापा, मनोज दिवाकर पिता श्याम लाल दिवाकर उम्र 40 वर्ष साकिन रामाकापा, अशोक उर्फ बैहा पिता बेदू खाण्डे उम्र 50 वर्ष साकिन रामाकापा को अलग-अलग स्थान से घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने जुर्म करना स्वीकार कर लिया।

### आगर सभाकक्ष में 19 से 21 तक लगेगा शिविर

**मुंगेली।** सामान्य भविष्य निधि ऋणात्मक शेष वाले अभिदाताओं के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभाकक्ष में 19 से 21 मार्च तक कार्यालयीन समय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों से अपने कार्यालय के संबंधित अभिदाताओं, जिनका सामान्य भविष्य निधि ऋणात्मक शेष है, से संबंधित समुचित अभिलेखों सहित स्वयं तथा अभिदाता, अभिदाता की मृत्यु या असक्तता की स्थिति में वैध वारिसानों को उक्त शिविर में उपस्थित कराने हेतु समस्त डीडीओ को पत्र जारी कर उक्त शिविर में उपस्थित होने कहा है।

## मुंगेली ब्लाक के 13 ग्रामों में स्वास्थ्य जांच

**मुंगेली।** सौ दिवसीय निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत मुंगेली ब्लाक के 13 ग्रामों में एक साथ सुनियोजित तरीके से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उच्च जोखिम समूह के टीबी, कुष्ठ एवं वयोवृद्ध व्यक्ति, मधुमेह, कुपोषित उच्च रक्तचाप व्यक्तियों की जांच की गई।



जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरिश कुर्रे के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत जिले में उच्च जोखिम समूह के टीबी, कुष्ठ एवं वयोवृद्ध व्यक्ति, मधुमेह, कुपोषित उच्च रक्तचाप व्यक्तियों की जांच किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक के द्वारा बताया गया कि यह अभियान 7 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ है जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा। 17 मार्च को मुंगेली ब्लाक के 13 ग्रामों में एक साथ सुनियोजित तरीके से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यकम मलेरिया और वयोवृद्ध देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि जनमानस उच्च जोखिम बिमारी से मुक्त होकर स्वस्थ्य जीवन जी सकें। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 821 पुरुष 336 एवं महिला 485 लोगो की जांच एवं उपचार किया गया तथा शिविर में आभा आईडी वय वंदन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

# सूखने लगे जलश्रोत, भू-जलस्तर भी गिरा, ग्रामीण इलाकों में होने लगी पानी की समस्या

### मटियारी में जलसंकट, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की खूंटाघाट से पानी छोड़ने से की मांग

**सीपत/लगरा।** गर्मी के चलते आम निस्तारी के लिए खूंटाघाट जलाशय से पानी छोड़ने की मांग को लेकर बिल्हा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मटियारी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही पानी छोड़ने की मांग की है। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भीषण गर्मी पड़ने के कारण ग्राम मटियारी का जल स्तर नीचे गिर गया है, जिसके कारण मटियारी के अधिकांश तालाब व हैंडपंप सूख गए हैं ऐसे में ग्रामीणों को जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। शुरुआती गर्मी में ये हाल है तो आने वाले दिनों में लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। आने वाले दिनों में जलसंकट की ज्यादा परेशानी न हो उससे पूर्व ही ग्रामीणों ने मटियारी के सभी तालाबो को भरने एवं आम निस्तारी के लिए खूंटाघाट जलाशय से पानी दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अवधेश अग्रवाल, सरपंच सतीश कुमार केशर, कृष्ण कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, राकेश कुमार यादव, रवि साहू, बलराम यादव, दुलार सिसोदिया, अमन शिकारी, संतोष सूर्यवशी, मुकेश कुमार यादव, राजेश कुमार रजक, दिलेश यादव, चंद्र विजय साहू, बाबू लाल यादव, अशोक यादव, महेश यादव, रामगोपाल साहू , रामसुंदर साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### नगर में जल संकट का स्थिति, लोगों की मनियारी एनीकट में पानी छोड़ने की मांग

**तखतपुर।** गर्मी प्रांरभ होते ही नगर सहित क्षेत्र के निस्तारी का प्रमुख स्त्रोत मनियारी एनीकट के सूख जाने से निस्तारी की भारी समस्या हो रही है। ऐसे में लोगों ने पानी छोड़े जाने की मांग की है। नगर में ज्यादातर लोगों के निस्तारी का साधन मनियारी एनीकट का पानी है एवं यहीं से मवेशी भी अपनी प्यास बुझाते हैं, परंतु इस बार गर्मी की शुरूआत में ही एनीकट में पानी नहीं होने से लोगों के सामने निस्तारी की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। होली जैसे त्यौहार में लोगों को रंग खेलने के बाद नहाने के लिए मनियारी एनीकट में एक बूंद पानी नहीं मिला और लोगों ने निजी बोर में नहाकर काम चलाया। मनियारी एनीकट में पानी नहीं होने से नगर में जल का स्तर भी नीचे गिर गया है और लोगों को अपने घर के बोर से 10 से 20 फीट पाईप डालनी पड़ रही है। यदि यहीं हाल रहा तो नगर में भीषण जल संकट की स्थिति सामने आ सकती है। इससे परेशान क्षेत्रवासियों सहित नगरवासियों ने मनियारी एनीकट में तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है।



### गर्मी के शुरूआती दौर में ही जल संकट समस्या से निबटना प्राथमिकताः नरेश

**जरहागांव।** गर्मी के शुरुआती दौर में ही बोर एवं नदी-नाले जवाब देने लगे हैं। यह समस्या केवल एक गांव की नहीं है, अपितु अनेक गांवों में ऐसा नजारा देखा जा सकता है। ऐसे में जल संकट से बचाव के लिए क्षेत्र में अलग-अलग तरकीबें अपनाई जा रही हैं।

नगर पंचायत बरेला में मीठे पानी का श्रोत है, लेकिन अब नगर के बोर व हैंडपंप का जल स्तर नीचे जाने के कारण पानी की समस्या होने लगी है। पानी की भीषण समस्या को देखते हुए नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने सीएमओ चंद्रभूषण बांधे के साथ प्रत्येक वार्ड में लोगों को पानी के सरंक्षण, बचाव एवं उपयोगिता को लेकर जागरूक कर रहे हैं। साथ ही पहले से बने कुएं को नहीं पाटने के साथ नए कुआं खोदकर पानी संरक्षण करने की सलाह भी दी जा रही है। इसके अलावा नगर में खराब हैंडपंप एवं बोर को दुरुस्त करने का काम युद्ध स्तर से चालू कर दिया गया है। नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने बताया कि गर्मी की शुरुआत में ही मनियारी नदी सूख गई है जिसके कारण जल स्तर नीचे जा रहा है। यदि बांध को खोल दिया जाए तो नदी में पानी भर जाएगा, लेकिन पानी खोला नहीं गया है। इस विषय पर सम्बन्धित विभाग से चर्चा की जाएगी।



# रंग पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



## खबर संक्षेप

### पीडीएस में गड़बड़ी प्रबंधक, विक्रेता जेल गए

**बिलासपुर।** गरीबों को बांटने आए चावल, शक्कर, नमक को हेराफेरी कर मार्केट में बेचने वाले मस्तूरी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक व विक्रेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, मस्तूरी विकासखंड में गोधुली वर्मा सहकारिता विस्तार अधिकारी है। उन्होंने थाने में बताया कि मस्तूरी स्थित राशन दुकान में अनियमितता की शिकायत मिली है। खाद्य निरीक्षक ललिता शर्मा को जांच करने का निर्देश दिया गया था। निरीक्षक की टीम ने जांच में पाया कि दुकान में मूल्य तालिका नहीं लगाया गया है। इसके साथ ही शिकायत अधिकारी का नाम, नम्बर नहीं था। राशन दुकान का प्रबंधक व सेल्समेन वितरण पंजी, चावल उत्सव पंजी और स्टाक पंजी उपलब्ध नहीं करा पाया। आनलाइन स्टाक से मिलाने करने पर दुकान में 272 क्विटंल चावल, 3 क्विटंल शक्कर, 8 क्विटंल नमक अधिक पाया गया। गरीबों को बांटने के बजाए राशन मार्केट में बेच दिया गया था। जांच अधिकारी ने जांच रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में पेश किया। एसडीएम के निर्देश पर उन्होंने थाना में रिपोर्ट लिखाई है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर मस्तूरी पुलिस ने बीएनएस की धारा 316, 5, 3, 7 के तहत आरोपी प्रबंधक मनोज रात्रे पिता चरण लाल रात्रे, विक्रेता मनीराम कुर्रे पिता स्व. मेलाराम कुर्रे 49 साल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### युवक पर हमला, चार दिन बाद युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होली के दिन दोस्तों के साथ बैठे युवक पर चाकू, तलवार व आधुनिक हथियार से हमाला करने वाले आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने चार दिन बाद एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। तबाड़तोड़ हमले से युवक की अतड़ी फट गई थी। ज्ञात हो कि 14 मार्च को होली के दिन देवरीखुर्द निवासी खेत्रो महानंद पुराना सुलभ शौचालय आंगन बाड़ी के पास वह अपने दोस्त अरूण दास मानिकपुरी के साथ बैठे थे। इस दौरान 3 से 4 बाइक में 5 से 7 युवक आए और अरूण दास मानिकपुरी के साथ गाली गलौज करते हुए तलवार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। अरूण दास ने मना किया तो सोम सिंह चौहान, मनीष श्रीवास, करण बनर्जी, विशाल मैत्री, यशवंत सिंह गब्बर, सोमनाथ निषाद ने चाकू, तलवार, चैन स्पाकिट से बनी आधुनिक हथियार से उस पर जान लेवा हमला कर दिया गया था। जिससे उसकी अतड़ी फट गई थी। पुलिस ने खेत्रो महानंद की रिपोर्ट पर हमलावर सोम सिंह चौहान, मनीष श्रीवास, करण बनर्जी, यशवंत सिंह ठाकुर उर्फ गब्बर, विशाल मैत्री, सोमनाथ निषाद के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। चार दिन बाद 18 मार्च को पुलिस ने एक हमलावर तोरवा धानमंडी निवासी विशाल डे मैत्री पिता अमित डे 19 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य हमलावर अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कैथ लैब दो माह में होगा शुरू, दो कार्डियोलाजिस्ट की नियुक्ति

**इको, ईसीजी, ट्रेडमिल के उपकरण हो चुके हैं इंस्टाल, बायपास सर्जरी और एंजियोप्लास्टी, एंजोग्राफी की सुविधा भी मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक उपकरणों के इंस्टालेशन का काम तेजी से किया जा रहा है, कार्डियोलाजी विभाग के तहत कैथ लैब बनाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में मरीजों को इको और ईसीजी की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही आधुनिक सुविधा से लैस आपरेशन थिएटर भी बन कर तैयार हो चुका है। वहीं ट्रेडमिल, कलर डाप्लर की सुविधा भी शुरू हो चुकी है।

जिले में सालों से सरकारी अस्पताल को कार्डियोलाजिस्ट डाक्टर नहीं मिल सका, लेकिन क्षेत्र में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनने के बाद दो कार्डियोलाजिस्ट की नियुक्ति कर ली गई है। कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ह्दय रोगियों के लिए जल्द ही अत्याधुनिक तकनीक के सहारे इलाज किया जा सकेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर कार्डियो. की भर्ती की गई है। इस विभाग के डाक्टरों के द्वारा ह्दय रोगियों के लिए इको और ईसीजी की सुविधा शुरू की जा चुकी है, रोजाना 15 से 20 ह्दय रोगियों का इलाज सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में किया जा रहा है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि मुख्य कार्डियोलाजिस्ट के तौर पर डॉ. अभिषेक कुमार कार्यरत हैं। इसके साथ ही डॉ. बजरंग लाल बसंल ने भी एसोसिएट प्रोफेसर के तौर पर ज्वाइनिंग दी है। इसके साथ ही ओपीडी की सुविधाएं जारी है जल्द ही सर्जरी भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने बताया कि कार्डियोलाजी विभाग में महज 2 से 3 माह के भीतर कैथ लैब बनकर तैयार हो जाएगा। सेंट्रल एजेंसी इसके लिए काम शुरू कर चुकी है।





### आपरेशन थिएटर बनकर तैयार

### मिलेगी डायलिसिस की सुविधा

कार्डियो थोरसिक वैस्कुलर सर्जरी विभाग की स्थापना के साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यूरोलाजिस्ट विभाग में किडनी के मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू की जानी है। 5 डायलिसिस मशीनों का इंस्टालेशन किया जाना है। इसके बाद मरीजों को डायलिसिस के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

खास बात यह है कि 1 नवंबर से शुरू हुए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में न्यूरो सर्जरी, कार्डियो सर्जरी और यूरो सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अत्याधुनिक मशीनों के साथ ही आपरेशन थिएटर पूरी तरह से बनकर तैयार है। कार्डियो सर्जरी के तहत हार्ट ट्रांसप्लांट जैसे क्रिटिकल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी भी एक ही परिसर में हो सकेगा। अधीक्षक डॉ. सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला एवं कलेक्टर अवनीश शरण व्यक्तिगत रुचि लेकर सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हर महीने होने वाली मीटिंग में इसकी प्रक्रियाओं पर विशेष चर्चा भी की जा रही है।



### 50 फीसदी उपकरण हो चुके हैं इंस्टाल

डॉक्टरों की टीम अपनी क्षमता से अधिक काम कर रही है, हमनें कुछ ही महीनों में 50 फीसदी उपकरणों का इंस्टालेशन पूरा कर लिया है। आपरेशन थिएटर रेडी किया जा चुका है। रेडियोलॉजी विभाग की ज्यादातर मशीनें शुरू की जा चुकी हैं और जांच भी हो रही है। तीन माह के भीतर कैथ लैब और डायलिसिस यूनिट शुरू हो जाएगी। अन्य वरिष्ठ डाक्टरों की नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है।

**- डॉ. बीपी सिंह,** अधीक्षक, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

## रायपुर से किया गया गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

# गोवा से भूटान जा रहे कंटेनर में शराब मंगाने वाला फरार तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोवा से शराब लेकर भूटान जा रहे कंटेनर से 10 पेटी शराब मंगाने के मामले में फरार शहर का सबसे बड़ा शराब तस्कर को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 10 फरवरी को आबकारी विभाग ने पेंड्रीडीह बाइपास में एक कार से 10 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया था। पूछताछ में कार चालक रवि शर्मा ने बताया, छतौना के पास खड़ी कंटेनर में भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है और कुछ लोगों के द्वारा सप्लाई किया जा रहा है। आबकारी टीम ने घेराबंदी कर कंटेनर सहित ड्राइवर शिवकुमार सैनी को पकड़कर 990 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि गोवा से 1000 पेटी शराब भूटान भेजा जा रहा था। उसमें 10 पेटी शराब कम है। आबकारी विभाग के द्वारा सिविल लाइन थाने में अमानत में खयानत का अपराध कायम कराया गया था। जांच के दौरान ड्राइवर ने खुलासा किया उसने 10 पेटी शराब सरकण्डा सूर्या विहार निवासी पंकज सिंह पिता स्व. कृष्णा सिंह 41 साल के पास छोड़ा गया था। पंकज सिंह के द्वारा 50 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर करने का खुलासा हुआ। पुलिस पकंज सिंह के तलाश में लगी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने रायपुर में वीआईपी कालोनी में दबिश देकर फरार आरोपी पंकज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी श्री परिहार ने बताया, जांच में चंडीगढ़, अंबाला, मोहाली, कुरूक्षेत्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। प्रकरण में वरिष्ठ कार्यालय के माध्यम से पत्राचार कर दुबई भूटान के संबंध में जानकारी मांगी गई है। वहीं मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



### निगम चुनाव छोड़कर भागा था

आरोपी पंकज सिंह सरकण्डा क्षेत्र में विगत दिनों हुए नगर निगम चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहा था। आबकारी के द्वारा कंटेनर में 990 पेटी शराब पकड़े जाने की खबर मिलते ही चुनाव छोड़कर शहर से भाग गया था।

### पूर्व में फार्म हाउस में पकड़ाई थी 2.50 लाख की शराब

पूर्व में शासकीय शराब ठेका होने पर शराब दुकानों में ब्रांडेड शराब नहीं मिल रहा था। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी पंकज सिंह एमपी से ब्रांडेड शराब मंगाकर शराब के शौकिनों को अधिक रेट में शराब बेच रहा था। तत्कालीन एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर ने उसके मोपका छठघाट रोड स्थित फार्म हाउस में दबिश देकर सेप्टीक टंकी में छिपाकर रखे करीब 2.50 लाख रुपए के एमपी की शराब बरामद किया था। उक्त प्रकरण में सरकण्डा पुलिस ने कर्मचारियों को गिरफ्तार पंकज सिंह के खिलाफ फरारी में चालान पेश कर खानापूर्ति कर लिया गया था।

### थाना के सामने चलाता था प्रापर्टी डीलर का कार्यालय

पूर्व में आरोपी पंकज सिंह ने सरकण्डा थाने के सामने आलीशान प्रापर्टी डीलर का कार्यालय खोलकर जमीन खरीदी बिक्री का काम कर रहा था। जिससे उसकी पुलिसकर्मियों से खास जान पहचान हो गई थी। जमीन के साथ ही वह एमपी सहित अन्य शहरों से ब्रांडेड कंपनी की शराब मंगाकर बेचने का काम करने लगा था।

## आयुष्मान से संबंधित अस्पतालों की जांच शुरू

**पहले दिन 4 अस्पतालों में पहुंची टीम**

**बिलासपुर।** आयुष्मान योजना का फायदा पहुंचाने के बजाए मरीजों से वसूली करने वाले अस्पतालों की अब खैर नहीं। स्वास्थ्य सचिव के आदेश के बाद जिले में अस्पतालों की जांच शुरू कर दी गई है। सीएमएचओ ने इसके लिए दो टीमों का गठन किया और महीने भर के भीतर सरकारी और निजी अस्पतालों का जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। मंगलवार को जिले के 4 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। अधिकारी अस्पताल में मिल रहे कमियों की मार्किंग कर सीधे रिपोर्ट सौंपने की बात कह रहे हैं।

आयुष्मान योजना के तहत जिले में कई अस्पताल संदेह के दायरे में आ चुके हैं। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा कुछ अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया है। वहीं स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने वाले अस्पतालों का निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। मंगलवार को सीएमएचओ द्वारा बनाई गई टीम ने सरकंडा क्षेत्र के 4 अस्पतालों में पहुंची। जिसमें शिवम हास्पिटल, मैडीबोन हास्पिटल, अंकुर ट्रामा केयर, प्रभा हास्पिटल के नाम शामिल है। इस दौरान टीम ने आयुष्मान योजना के तहत नियमानुसार अस्पतालों में जांच की। सीएमएसओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि जिले में आयुष्मान योजना के तहत कार्ड स्वाइप के बाद भी मरीजों से नकद रूपए लेने की शिकायत मिल रही है। साथ ही जबरिया भर्ती और अन्य इलाज से रूपए ऐंठने की बात सामने आई है, जिसके चलते टीम लगातार जांच कर रही है। शिकायत के साथ ही अन्य विषयों में अस्पताल की रैंकिंग की जा रही है, जिसकी सूची विभाग के उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

## निजी अस्पतालों के महंगे इलाज से मरीजों को मिलेगी राहत



# 36 करोड़ की लागत से बनेगा हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में जल्द ही क्रिटिकल केयर अस्पताल बन कर तैयार होगा। कलेक्टर अवनीश शरण की पहल पर जिला अस्पताल के करीब ही अस्पताल बनाने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू की गई है। सीएसआईडीसी के जर्जर हो चुके भवन को ढहा दिया गया है। खास बात यह है कि सेंट्रल और स्टेट द्वारा दिए गए मद का उपयोग कर करीब 36 करोड़ की लागत से अस्पताल का निर्माण किया जाएगा।

जिले में हर साल एक्सीडेंट केस बढ़ रहे है, इस दौरान सिम्स और जिला अस्पताल में संभाग भार से मरीजों का आना लगा रहता है। वहीं पर्याप्त इलाज नहीं मिलने के कारण लोगों को निजी अस्पतालों का रूख करना पड़ता है, ऐसे में समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण आर्थिक जोखिम के साथ ही मरीजों को जान तक गंवानी पड़ती है। जिले में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा और उच्च स्तरीय उपकरणों के साथ 75 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। गंभीर व आपात स्थिति के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

### दो साल में बनकर होगा तैयार

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अधोसंरचना के तहत 36 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से तैयार किया जाएगा। निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को सौंपी गई है। अस्पताल बनाने में 2 साल का समय लग सकता है। कलेक्टर अवनीश शरण ने स्थल निरीक्षण किया और जर्जर हो चुके भवन को ढहाने के निर्देश दिए। योजना के तहत 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहर में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। जिसमें भवन के लिए 24.95 करोड़ रूपए, अत्याधुनिक उपकरणों पर 11.40 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इन राशियों में 60 केन्द्र सरकार और 40 फीसदी राशि राज्य सरकार को देनी होगी।

### यह सुविधाएं होगी मौजूद

सीजीएमएससी के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित अस्पताल 5 मंजिला होगी। जहां उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा के साथ 12 आईसीयू बेड, 12 एचडीयू, 30 आईसोलेशन वार्ड, 5 आईसोलेशन रूम, 4 डायलिसिस मशीन, 4एमसीएच, 10 इमरजेंसी बेड और 2 ट्राइएज की सुविधा मौजूद होगी। अस्पताल में एक्स-रे, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, एमआरआई, सीटी स्केन जैसी सुविधाएं मिलेगी।



स्थल निरीक्षण करते कलेक्टर।

# दो ढाबों पर छापा, 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **खाद्य विभाग, एनएचआई और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**

होटल और ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा था। शिकायतों पर पेंड्रीडीह बाईपास रोड पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने छापेमारी कर 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश और बिल्हा एसडीएम बजरंग वर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग, एनएचआई और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने यह छापेमारी की। टीम ने सीजी 10 ढाबा के संचालक राकेश शर्मा के यहां से 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। राज भोजनालय के संचालक कृष्ण कुमार कौशिक के पास से भी 4 सिलेंडर मिले। खाद्य विभाग ने मामले में कहा है कि जुर्माना लगाया जाएगा।



कार्रवाई करती प्रशासन की टीम।

जिले में इन दिनों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। जिले में लगभग 5 हजार से अधिक होटलें, चाय-नाश्ता की दुकानें और ढाबे संचालित हो रहे हैं। इनमें से 10 प्रतिशत के पास भी व्यवसायिक गैस सिलेंडर का कनेक्शन नहीं है। लगभग 90 प्रतिशत दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग ने सालों से इसकी जांच नहीं की है और ना ही किसी दुकानदार पर कार्रवाई की। हालात यह हैं कि कई दुकानों में उज्ज्वला योजना के गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है।

### 20 रुपए किलो तक सस्ता पड़ता है

घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने नियम विरूद्ध है। क्योंकि घरेलू सिलेंडरों को घरों व किचन में उपयोग होना चाहिए। उसे होटलों व चाय दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में धड़ल्ले के साथ खपाया जा रहा है, वह गलत है। ऊंचे कमीशन के फेर में हो रही कालाबाजारी के लिए जहां उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं खाद्य विभाग के अफसर बेफिक्र नजर आ रहे हैं। जब से रसोई गैस सिलेंडर की राशनिंग की गई है। उपभोक्ताओं की परेशानी कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है।


### जुर्माना लगाया जाएगा

टीम ने सीजी 10 ढाबा के संचालक राकेश शर्मा के यहां से 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। राज भोजनालय के संचालक कृष्ण कुमार कौशिक के पास से भी 4 सिलेंडर मिले। मामले में कहा है कि जुर्माना लगाया जाएगा।

**- अनुराग भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक

### 8 साल से फरार मवेशी तस्कर एमपी से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में 8 साल से फरार चल रहे तस्कर को एमपी से गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण टण्डन ने बताया, पचपेड़ी थाना के अपराध क्रमांक 60/ 2018 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के मामले में आरोपी मवेशी तस्कर बाण गंगा इंदौर निवासी राकेश जायसवाल पिता पूनमचंद्र जायसवाल 21 साल 8 साल फरार चल रहा था। कोर्ट से उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने एमपी में दबिश देकर तस्कर राकेश जायसवाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।



### जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक 21 को

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में 21 मार्च को शाम 5.30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2024-25 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण (स्वीकृत राशि/वितरित राशि) की स्थिति पर एवं अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# फर्नीचर दुकान व गोदाम में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक

**बिलासपुर।** फर्नीचर दुकान व गोदाम में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आगजनी में फर्नीचर का सामान जलकर खाक हो गया है। दुकान संचालक ने आगजनी की थाने में शिकायत की है।



तारबाहर निवासी शुभम कुमार चौधरी चकरभाठा बस्ती में यशस्वी फर्नीचर एवं मैन्युफैक्चरिक का दुकान व गोदाम चलाते हैं। 16 मार्च की 10.20 बजे चकरभाठा निवासी हरिश यादव ने उन्हें फोनकर सूचना दी कि उनके दुकान व गोदाम में आग लग गई है। उन्होंने तत्काल डायल 112, 101 में आग लगने की सूचना दी। उसके बाद वह अपने भाई राहुल कुमार चौधरी के साथ दुकान पहुंच गए। उस दौरान दुकान व गोदाम में भीषण आग लगी हुई थी। कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आगजनी में दुकान व गोदाम में रखे लकड़ी व प्लाई से बने सोफा, आलमारी, मंदिर, ड्रेसिंग टेबल, दीवान, गद्दे, फोम, सोफा, कपड़ा एवं फर्नीचर निर्माण से संबंधित 5 लाख का सामान जलकर नुकसान हो गया है। उन्होंने आग लगने की लिखित सूचना चकरभाठा थाने में की है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411